# प्रैक्टिस सेट 04

## 01 सामान्य विज्ञान

1. निम्नलिखित में से कौन-सा शैवाल के तीन प्रमुख वर्गों में से नहीं है?
(a) क्लोरोफाइसी (b) रोडोफाइसी
(c) फीयोफाइसी (d) जिम्नोस्पर्म

2. साइकन (साइफा), स्पांजिला (स्वच्छ जलीय स्पंज) और यूस्पंजिया (बाथ स्पंज) किस संघ के उदाहरण हैं?
(a) सिलेण्ट्रेटा (b) प्लेटिहैल्मिन्थिज
(c) टीनोफोर (d) पोरीफेरा

3. यदि किसी वस्तु पर लगाए एक बल की दिशा वस्तु की गति की विपरीत दिशा में होती है, तो वस्तु की गति ..............।
(a) बढ़ती है (b) रुक जाती है
(c) कम होती है (d) कोई प्रभाव नहीं

4. गुरुत्वीय त्वरण '$g$' के मान में वृद्धि होगी
(a) ध्रुवों पर
(b) भूमध्य रेखा पर
(c) पृथ्वी तल से ऊपर जाने पर
(d) पृथ्वी तल से नीचे जाने पर

5. जन्तुओं में होने वाला 'फूट एण्ड माउथ' रोग किस कारण होता है?
(a) विषाणु (b) जीवाणु
(c) फंगी (d) प्रोटोजोआ

6. अम्ल और क्षारक के बीच होने वाली अभिक्रिया को क्या कहते हैं?
(a) विलवणीकरण (b) क्रिस्टलीकरण
(c) उदासीनीकरण (d) उदात्तीकरण

7. प्रोटॉन की खोज किसने की?
(a) अर्नेस्ट रदरफोर्ड (b) फ्रेडरिक मिशर
(c) हेनरी बेकेरल (d) हेनरी केवेण्डिश

8. सबसे पहले बनने वाले प्राथमिक जाइलम तत्त्व को ...... कहते हैं।
(a) मेटाजाइलम (b) प्रोटोजाइलम
(c) जाइलम तन्तु (d) जाइलम पैरेन्काइमा

9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रतिचुम्बकीय है?
(a) निकिल (b) लोहा (c) बिस्मिथ (d) कोबाल्ट

10. समान भार संख्याएँ, किन्तु विभिन्न परमाणु संख्याएँ होती हैं
(a) समभारिक (b) समस्थानिक
(c) समइलेक्ट्रॉनिक (d) समन्यूट्रॉनिक

11. यदि ग्रह की कक्षा दीर्घवृत्त है, तो वह बिन्दु जिस पर सूर्य होता है, क्या कहलाता है?
(a) केन्द्र (b) परिधि
(c) अभिकेन्द्र (d) फोकस

12. सर्पी घर्षण, स्थैतिक घर्षण से ......... होता है।
(a) दोगुना (b) एकाकार
(c) अधिक (d) कम

13. इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ई.सी.जी.) का आविष्कार किसने किया?
(a) विल्लेम एंथोवेन
(b) एडवार्ड जेनर
(c) अंटोनियो दे उल्लोया और चार्ल्स वुड
(d) कार्ल ब्रेन्ज

14. मनुष्य का मस्तिष्क कितने भागों में विभाजित है?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

15. निम्नलिखित में से अधिवृक्क (एड्रीनेलीन) रस को हम किस श्रेणी में रख सकते हैं?
(a) हॉर्मोन (b) एन्जाइम (c) प्रोटीन (d) वसा

16. पीतल मिश्रधातु के मुख्य घटक कौन-से हैं?
(a) ताँबा तथा जस्ता
(b) ताँबा तथा शोणातु
(c) ताँबा, जस्ता तथा निकेल
(d) ताँबा तथा निकेल

17. एककोशिकीय जीव कैसे प्रजनन करता है?
(a) कोशिका विभाजन
(b) कोशिका प्रजनन
(c) कोशिक संश्लेषण
(d) विखण्डन

18. निम्नलिखित में से कौन-सा/से हॉर्मोन स्त्रियों में पाया/पाए जाते है/हैं?
I. एस्ट्रोजन
II. प्रोजेस्ट्रॉन
III. टेस्टोस्ट्रॉन
(a) I और III (b) I और II
(c) II और III (d) केवल III

19. एक सामान्य मनुष्य के लिए सुस्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी (सेमी में) कितनी होती है?
(a) 2.5 (b) 25
(c) 58 (d) 60

20. निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक वस्तु का भार सर्वाधिक होता है?
(a) ध्रुव रेखा (b) भूमध्य रेखा
(c) मकर रेखा (d) कर्क रेखा

21. दूध के पी.एच. की प्रकृति क्या है?
(a) थोड़ी अम्लीय (b) थोड़ी क्षारीय
(c) अत्यधिक अम्लीय (d) अत्यधिक क्षारीय

22. निम्नलिखित में से कौन मानव त्वचा को रंग प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है?
(a) लूसिफेरिन (b) हीमोग्लोबिन
(c) फ्लावोनोइड्स (d) मेलेनिन

23. विद्युत मोटर ......... ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में बदलता है।
(a) ध्वनि (b) यान्त्रिक
(c) रासायनिक (d) विद्युत

24. पोटैशियम नाइट्रेट का उपयोग व्यावसायिक रूप से किस उद्योग में किया जाता है?
(a) शीशे के निर्माण में (b) विद्युत-लेपन में
(c) पटाखों के निर्माण में (d) चमड़ा उद्योग में

25. कौन-सा रोग निकेल के कारण होता है?
(a) इटाई-इटाई (Itai-Itai)
(b) त्वचाशोथ (Dermatities)
(c) सीखने की विकलांगता (Learning disability)
(d) दमा (Asthma)

Scanned by CamScanner

# 02 गणित

**26.** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 7 और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 210 है। यदि एक संख्या 35 है, तो दूसरी संख्या बताइए
(a) 14 (b) 21
(c) 42 (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** एक आदमी की आयु अभी अपने पुत्र की आयु की तीन गुनी है। 15 वर्ष में, उसकी आयु पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। पुत्र की वर्तमान आयु है
(a) 24 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 21 वर्ष (d) 15 वर्ष

**28.** 4 + 4.44 + 44.4 + 4.04 + 444 का मान क्या होगा?
(a) 472.88 (b) 495.22
(c) 500.88 (d) 577.2

**29.** $\frac{0.25 \times 0.25 - 0.24 \times 0.24}{0.49}$ को सरल कीजिए
(a) 0.0006 (b) 0.49
(c) 0.01 (d) 0.1

**30.** एक लीटर का कौन-सा मान दशमलव भिन्न में 40 मिली है?
(a) 0.4 (b) 0.04
(c) 0.05 (d) 0.5

**31.** जल से पूर्णतया भरे एक पात्र का वजन 40 किग्रा है। यदि इसे आधा भरा जाए, तो इस पात्र का वजन 30 किग्रा होगा। रिक्त पात्र का वजन बताइए
(a) 10 किग्रा (b) 15 किग्रा
(c) 20 किग्रा (d) 25 किग्रा

**32.** 4 अंकों की वह सबसे छोटी संख्या क्या होगी, जो एक पूर्ण वर्ग है?
(a) 1000 (b) 1016
(c) 1024 (d) 1089

**33.** यदि दो संख्याओं का अन्तर 3 है एवं उनके वर्गों का अन्तर 39 है, तो बड़ी संख्या क्या है?
(a) 8 (b) 9
(c) 12 (d) 13

**34.** वह सबसे छोटी संख्या बताइए, जो 12, 15, 20 से विभाजित होती है एवं एक पूर्ण वर्ग है
(a) 900 (b) 400
(c) 2500 (d) 4900

**35.** 3/4 को प्रतिशत के रूप में किस प्रकार व्यक्त करेंगे?
(a) 0.75% (b) 7.5%
(c) 60% (d) 75%

**36.** एक परीक्षा में, कुल विद्यार्थियों के 65% उत्तीर्ण होते हैं। यदि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 420 है, तो कुल विद्यार्थियों की संख्या है
(a) 500 (b) 1200
(c) 1000 (d) 1625

**37.** ₹312 की राशि को 60 लड़कों और कुछ लड़कियों में इस प्रकार बाँटा जाता है कि प्रत्येक लड़के को ₹3.60 एवं प्रत्येक लड़की को ₹2.40 प्राप्त होते हैं। लड़कियों की संख्या बताइए
(a) 35 (b) 60
(c) 40 (d) 65

**38.** 80 का 30% कितना बड़ा है, 25 के $\frac{4}{5}$ हिस्से से?
(a) 4 (b) 2
(c) 10 (d) 15

**39.** एक बेईमान दुकानदार का कहना है कि वह क्रय मूल्य पर अपने सामानों को बेचता है, मगर 1 किग्रा के बदले 900 ग्राम के नकली बाँट का इस्तेमाल करता है। उसके लाभ का प्रतिशत है
(a) 13% (b) $11\frac{1}{9}$%
(c) $11\frac{1}{4}$% (d) $12\frac{1}{9}$%

**40.** 36 सन्तरों को बेचकर एक विक्रेता को 4 सन्तरों के विक्रय मूल्य का नुकसान होता है। उसके नुकसान का प्रतिशत है
(a) $12\frac{1}{2}$% (b) $11\frac{1}{9}$%
(c) 10% (d) $13\frac{1}{3}$%

**41.** 500 व्यक्तियों की एक छावनी में 24 दिनों के लिए भोजन था। यदि 300 व्यक्तियों का एक और जत्था आ जाए, तो भोजन कितने दिन चल पाएगा?
(a) 18 दिन (b) 15 दिन
(c) 16 दिन (d) $17\frac{1}{2}$ दिन

**42.** 210 मी लम्बी रेलगाड़ी जिसकी गति 63 किमी/घण्टा है, वो एक खम्भे को कितने समय में पार कर जाएगी?
(a) 14 सेकण्ड (b) 12 सेकण्ड
(c) 15 सेकण्ड (d) 18 सेकण्ड

**43.** साधारण ब्याज पर कुछ धनराशि निवेश की जाती है। यदि 10 वर्षों में यह राशि तीन गुनी हो जाती है, तो ब्याज दर क्या है?
(a) 18% वार्षिक (b) 20% वार्षिक
(c) 22% वार्षिक (d) 25% वार्षिक

**44.** एक आयताकार जमीन की लम्बाई उसकी चौड़ाई की $4\frac{1}{2}$ गुनी है। यदि जमीन का क्षेत्र 200 वर्ग मी है, तो इसकी लम्बाई क्या होगी?
(a) 20 मी (b) 30 मी
(c) 70 मी (d) 25 मी

**45.** यदि $a = 11$ तथा $b = 9$ हो, तो $\frac{a^2 + b^2 + \ldots}{a^2 - b^2}$ का मान क्या होगा?
(a) $\frac{3}{2}$ (b) $\frac{1}{2}$ (c) $\frac{4}{3}$ (d) $\frac{7}{2}$

**46.** संलग्न चित्र में, $TP$ स्पर्श रेखा और $ABT$ छेदक रेखा है। जीवा $AB$ की माप ज्ञात कीजिए




(a) 4 सेमी (b) 6 सेमी
(c) 8 सेमी (d) 10 सेमी

**47.** यदि $\tan\theta = \frac{4}{3}$ हो, तो $\sqrt{\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}}$ का मान बताइए
(a) $\pm\frac{2}{3}$ (b) $\pm\frac{1}{3}$
(c) $\pm\frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**48.** यदि संख्याओं 27, 25, 23, $x + 2$, $x - 2$, 15 और 13 का समान्तर माध्य 20 है, तो $x$ का मान होगा
(a) 18 (b) 20
(c) 22 (d) 24

**49.** ₹800 को 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश किया जाता है, तो 2 वर्ष में अर्जित ब्याज की राशि कितनी होगी?
(a) ₹162 (b) ₹160
(c) ₹166 (d) ₹168

**50.** नौ पाइप एक टैंक से जुड़े हुए हैं, जिनमें से कुछ पाइप टैंक को खाली कर रहे हैं और कुछ पाइप टैंक को भर रहे हैं। प्रत्येक भरने वाला पाइप खाली टैंक को 24 घण्टों में भर सकता है जबकि प्रत्येक खाली करने वाला पाइप 18 घण्टे में पूरी तरह से टैंक को खाली कर सकता है। यदि टैंक पूरी तरह भरा हुआ है और सभी पाइप एकसाथ खोले जाते हैं, तो टैंक 9 घण्टे में खाली हो जाता है। टैंक को खाली करने वाले पाइपों की संख्या है
(a) 6 (b) 5 (c) 4 (d) 3

Scanned by CamScanner

# 03 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**51.** 2, 1, 0.5, 0.25 शृंखला की अगली संख्या है
(a) 0.625 (b) 0.125
(c) 0.225 (d) 0.425

**52.** 1, 3, 4, 7, 11, 18 की शृंखला में अगली संख्या है
(a) 27 (b) 28 (c) 30 (d) 29

**53.** निम्नलिखित में से बेमेल चुनिए
(a) मॉलीवुड (b) बॉलीवुड
(c) हॉलीवुड (d) टॉलीवुड

**54.** निम्नलिखित में से बेमेल चुनिए
(a) इन्फ्लुएंजा (b) टायफॉइड
(c) मलेरिया (d) मधुमेह

**निर्देश** (प्र.सं. 55 और 56) *निम्न विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए।*

**55.** पहाड़ी : पर्वत :: सागर : ?
(a) झील (b) महासागर
(c) नदी (d) झरना

**56.** चॉक : श्यामपट्ट :: पेन्ट ब्रुश : ?
(a) कागज (b) कैनवास
(c) कलम (d) पेन्सिल

**57.** दिए गए आरेख  में, यदि वृत्त एशियाइओं का प्रतिनिधित्व करता है और त्रिभुज अफ्रीकियों का प्रतिनिधित्व करता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) कोई अफ्रीकी एशियाई नहीं है
(b) कोई एशियाई अफ्रीकी नहीं है
(c) कुछ एशियाई अफ्रीकी हैं
(d) कुछ अफ्रीकी एशियाई नहीं हैं

**58.** किसी कूट में, यदि BCD को ABC लिखा जाता है, तो UVW को लिखा जाएगा
(a) XYZ (b) BCD
(c) MNO (d) TUV

**59.** किसी कूट में यदि A को Z लिखा जाता है, B को Y लिखा जाता है और C को X लिखा जाता है, तो DEF को लिखा जाएगा
(a) SRQ (b) VUW
(c) WVU (d) UVW

**60.** यदि $A = 1$, $B = 2$ और $C = 3$ है, तो $X + Y + Z$ के बराबर होगा
(a) 65 (b) 75 (c) 76 (d) 74

**61.** यदि सभी लड़के ईमानदार हैं और सचिन ईमानदार नहीं है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) सचिन एक लड़का है
(b) सभी लड़के ईमानदार नहीं हैं
(c) सचिन लड़का नहीं है
(d) सभी ईमानदार व्यक्ति लड़के हैं

**62.** यदि सभी पुस्तकें कलम हैं और कोई कलम पेन्सिल नहीं है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) कुछ पुस्तकें पेन्सिल हैं
(b) कोई पुस्तक पेन्सिल नहीं है
(c) कुछ कलमें पेन्सिल हैं
(d) कुछ पेन्सिलें पुस्तक हैं

**63.** जैसे जूते सम्बन्धित हैं चमड़े से, वैसे ही मेज सम्बन्धित है
(a) कुर्सी से (b) पलंग से
(c) फर्नीचर से (d) लकड़ी से

**64.** जैसे चिड़िया सम्बन्धित है घोंसले से, वैसे ही मनुष्य सम्बन्धित है
(a) भवन से (b) कार्यालय से
(c) घर से (d) विद्यालय से

**65.** जैसे पैदल चलना सम्बन्धित है पैरों से, वैसे ही उड़ना सम्बन्धित है
(a) चिड़ियों से (b) आकाश से
(c) हवाई जहाज से (d) पंखों से

**निर्देश** (प्र.सं. 66-68) *निम्नलिखित में से बेमेल चुनिए।*

**66.** (a) अखबार (b) सिनेमा (c) पत्रिका (d) उपन्यास

**67.** (a) सोफा (b) कुर्सी
(c) टेलीविजन (d) मेज

**68.** (a) हरा (b) गुलाबी
(c) जामुनी (d) गहरा नीला

**69.** रेयांश का मुँह पूर्व की ओर है। वह 90° वामावर्त दिशा में घूमता है, फिर 180° उसी दिशा में घूमता है और अन्ततः 45° दक्षिणावर्त दिशा में घूमता है। अब उसका मुँह किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) पूर्व

**70.** नीचे एक कथन दिया गया है, जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निश्चित रूप से अन्तर्निहित है?
**कथन** एक अच्छी पुस्तक महँगी होने पर भी बिक जाती है।
**निष्कर्ष**
I. कुछ पुस्तकें अन्य की अपेक्षा अच्छी होती हैं।
II. अधिकांश पुस्तकें महँगी होती हैं।
(a) निष्कर्ष I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अन्तर्निहित है
(c) केवल निष्कर्ष I अन्तर्निहित है
(d) केवल निष्कर्ष II अन्तर्निहित है

**निर्देश** (प्र.सं. 71 और 72) *प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर/अक्षर समूह का चयन कीजिए।*

**71.** A, G, L, P, ?, U, V
(a) Q (b) T
(c) R (d) S

**72.** cdeb, ceed, cfef, cgeh, ?
(a) chjk (b) cghj
(c) chej (d) chik

**73.** नीचे दिए गए कथनों के आगे दो निष्कर्ष I व II दिए गए हैं। आप सामान्य तथ्यों में अन्तर होने पर भी दोनों कथनों की पड़ताल सत्य समझकर करें। आप तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों के आधार पर निश्चित रूप से निकाला जा सकता है?
**कथन** कुछ मिठाइयाँ नमक हैं। कोई नमक मसाला नहीं है।
**निष्कर्ष**
I. कुछ मिठाइयाँ मसाले हैं।
II. कोई मसाला नमक नहीं है।
(a) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) यदि निष्कर्ष I तथा II दोनों निकलते हैं
(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है

**74.** यदि '+' के लिए '×' हो, '−' के लिए '÷' हो, '×' के लिए '−' हो और '÷' के लिए '+' हो, तो निम्नांकित समीकरण का मान बताइए

$$26 + 74 - 4 \times 5 \div 2 = ?$$

(a) 488 (b) 478
(c) 376 (d) 220

**75.** जिस प्रकार 'गोवा' सम्बन्धित है 'पणजी' से, उसी प्रकार अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?
(a) दमन एवं द्वीप (b) असोम
(c) सिक्किम (d) पोर्ट ब्लेयर

**76.** नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में चिह्न '+' के सामने कौन-सा चिह्न होगा?



I II III IV

(a) + (b) ×
(c) Δ (d) −

Scanned by CamScanner

**निर्देश** (प्र.सं. 77 और 78) *नीचे दी गई तालिका को पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**एक विद्यालय में कक्षा XII में विभिन्न संकायों में अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं की संख्या**

| क्र.सं. | संकाय | विद्यार्थियों की संख्या | | योग |
|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएँ | |
| 1. | विज्ञान | 50 | 30 | 80 |
| 2. | कला | 40 | 35 | 75 |
| 3. | वाणिज्य | 20 | 20 | 40 |
| 4. | कृषि | 50 | 20 | 70 |
| | योग | 160 | 105 | 265 |

**77.** कक्षा XII में पढ़ रहे छात्रों की कुल संख्या क्या है?
(a) 265
(b) 105
(c) 160
(d) 290

**78.** वाणिज्य और कृषि में मिलकर कुल कितने विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं?
(a) 70
(b) 40
(c) 120
(d) 110

**79.** ऐसे कितने शिक्षित पुरुष हैं, जो नगर में रहने वाले नहीं हैं?




(a) 51 (b) 19 (c) 44 (d) 21

**80.** शब्द TROUBLE में कितने ऐसे अक्षर युग्म हैं, जिनके मध्य उतने ही अक्षर हैं जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके मध्य होते हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) तीन से अधिक

# 04 सामान्य जागरूकता

**81.** विश्व का सबसे बड़ा सागर कौन-सा है?
(a) हिन्द महासागर
(b) प्रशान्त महासागर
(c) अटलाण्टिक सागर
(d) आर्कटिक सागर

**82.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था?
(a) लॉर्ड शेम्सफोर्ड
(b) लॉर्ड रीडिंग
(c) लॉर्ड इरविन
(d) लॉर्ड बैवेल

**83.** निम्न में कौन-सा संवैधानिक निकाय नहीं है?
(a) निर्वाचन आयोग
(b) वित्त आयोग
(c) अन्तर्राज्यीय परिषद
(d) राष्ट्रीय सलाहकार परिषद

**84.** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या है
(a) 102 करोड़ (b) 112 करोड़
(c) 121 करोड़ (d) 125 करोड़

**85.** अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा निम्न में से कौन-सी है?
(a) 0 डिग्री देशान्तर रेखांश
(b) 90 डिग्री देशान्तर रेखांश
(c) 180 डिग्री देशान्तर रेखांश
(d) भूमध्य रेखा (Equator)

**86.** किसने 'इण्डिया गेट' पुस्तक लिखी?
(a) एम.जे. अकबर
(b) प्राण चोपड़ा
(c) एम.एस. राणा
(d) लेसी फोबर्ग

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा उच्चतम कोटि का कोयला है?
(a) एन्थ्रासाइट
(b) बिटुमिनस
(c) लिग्नाइट
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** बगदाद किस नदी के तट पर बसा है?
(a) नील (b) टिगरिस (टाइग्रिस)
(c) टेम्स (d) सीन

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा शास्त्रीय नृत्य नाट्य शास्त्र के सिद्धान्तों पर आधारित है?
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) मणिपुरी (d) ओडिसी

**90.** 'पोराग' (Porag) नामक रंगीन त्योहार किसके द्वारा मनाया जाता है?
(a) कर्बिस (b) रभास
(c) बोडो (d) मिसिंग

**91.** अर्थशास्त्र में 'मार्केट' का अर्थ होता है
(a) विनिमय का केन्द्रीय स्थान
(b) स्पर्धा का होना
(c) वे जगहें जहाँ सामान संचित होते हैं
(d) दुकानें तथा सुपर बाजार

**92.** भारत का केन्द्रीय बैंक है
(a) RBI (b) SBI
(c) UBI (d) इनमें से कोई नहीं

**93.** विश्व का सबसे मूल्यवान चित्र मोनालिसा किसके द्वारा बनाया गया?
(a) लियोनार्डो-डा-विन्ची
(b) एम.एफ. हुसैन
(c) जॉन बर्नार्ड
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** भारत में सिविल सर्विस (Civil Service) के संस्थापक कौन थे?
(a) वारेन हेस्टिंग्स (b) मैकाले
(c) विलियम बैण्टिक (d) कार्नवालिस

**95.** ओबरा किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) नई परिष्करण-शाला के लिए
(b) नई एल्युमीनियम संयन्त्र के लिए
(c) पक्षी अभयारण्य के लिए
(d) ऊष्मीय विद्युत केन्द्र के लिए

**96.** ओजोन का अधिकतम संकेन्द्रण किस मण्डल में पाया जाता है?
(a) आयनमण्डल (Ionosphere)
(b) मध्यमण्डल (Mesosphere)
(c) क्षोभमण्डल (Troposphere)
(d) समतापमण्डल (Stratosphere)

**97.** निम्नलिखित में से किस शहर में लिंगराज मन्दिर स्थित है?
(a) भुवनेश्वर (b) बीजापुर
(c) कोलकाता (d) तिरुपति

**98.** ओलम्पिक झण्डे में कितने रंग हैं?
(a) पाँच (b) छः (c) सात (d) चार

**99.** किसका जन्मदिवस, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है?
(a) महात्मा गांधी (b) एडोल्फ हिटलर
(c) इन्दिरा गांधी (d) नेल्सन मण्डेला

**100.** भारत में फॉर्मूला वन ग्रैण्ड प्रिक्स से सम्बन्धित है
(a) महात्मा अन्तर्राष्ट्रीय परिपथ
(b) नेहरू अन्तर्राष्ट्रीय परिपथ
(c) महावीर अन्तर्राष्ट्रीय परिपथ
(d) बुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय परिपथ

Scanned by CamScanner

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (c) | 4. | (a) | 5. | (a) | 6. | (c) | 7. | (a) | 8. | (b) | 9. | (c) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (d) | 13. | (a) | 14. | (b) | 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (a) | 18. | (b) | 19. | (b) | 20. | (a) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (d) | 24. | (c) | 25. | (b) | 26. | (c) | 27. | (d) | 28. | (c) | 29. | (c) | 30. | (b) |
| 31. | (c) | 32. | (c) | 33. | (a) | 34. | (a) | 35. | (d) | 36. | (b) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (b) | 40. | (c) |
| 41. | (b) | 42. | (b) | 43. | (b) | 44. | (b) | 45. | (b) | 46. | (d) | 47. | (b) | 48. | (b) | 49. | (d) | 50. | (b) |
| 51. | (b) | 52. | (d) | 53. | (c) | 54. | (d) | 55. | (b) | 56. | (b) | 57. | (c) | 58. | (d) | 59. | (c) | 60. | (b) |
| 61. | (c) | 62. | (b) | 63. | (d) | 64. | (c) | 65. | (d) | 66. | (b) | 67. | (c) | 68. | (b) | 69. | (c) | 70. | (c) |
| 71. | (d) | 72. | (c) | 73. | (b) | 74. | (b) | 75. | (d) | 76. | (b) | 77. | (a) | 78. | (d) | 79. | (d) | 80. | (a) |
| 81. | (b) | 82. | (c) | 83. | (d) | 84. | (c) | 85. | (c) | 86. | (d) | 87. | (a) | 88. | (b) | 89. | (a) | 90. | (d) |
| 91. | (a) | 92. | (a) | 93. | (a) | 94. | (d) | 95. | (d) | 96. | (d) | 97. | (a) | 98. | (a) | 99. | (a) | 100. | (d) |

## व्याख्या एवं हल

**1.** शैवाल के दिए गए तीन वर्ग हैं– क्लोरोफाइसी, रोडोफाइसी तथा फीयोफाइसी। जिम्नोस्पर्म इसके अन्तर्गत नहीं आता है। जिम्नोस्पर्म (अनावृत्तबीजी) पौधों के बीज किसी प्रकार की संरचना से ढके हुए नहीं होते।

**2.** साइकन (साइफा), स्पांजिला (स्वच्छ जलीय स्पंज) और यूस्पंजिया (बाथ स्पंज) आदि पोरीफेरा (Porifera) संघ के उदाहरण हैं। इनका शरीर छिद्रयुक्त होता है तथा इस संघ के जन्तु सामान्यतया समुद्री (खारे) जल में पाए जाते हैं।

**3.** यदि किसी वस्तु पर लगाए गए बल की दिशा वस्तु की गति की विपरीत दिशा में होती है, तो वस्तु की गति कम होती है।

**4.** ध्रुवों पर '$g$' के मान में वृद्धि हो जाएगी।

सूत्र, $g_e = \frac{GMe}{R_e^2}$

ध्रुवों पर पृथ्वी का व्यास न्यूनतम होता है। अतः त्रिज्या में कमी हो जाने से '$g$' के मान में वृद्धि हो जाती है। भूमध्य रेखा पर, पृथ्वी तल से ऊपर जाने पर अथवा पृथ्वी तल से नीचे जाने पर '$g$' के मान में कमी हो जाती है।

**6.** अम्ल एवं क्षारक के बीच होने वाली अभिक्रिया उदासीनीकरण कहलाती है, जिसके फलस्वरूप जल के साथ बना दूसरा यौगिक लवण कहलाता है।

$NaOH + HCl \longrightarrow NaCl + H_2O$

**8.** सबसे पहले बनने वाले प्राथमिक जाइलम तत्त्व को प्रोटोजाइलम कहते हैं। यह पौधों में पाया जाने वाला एक संवहन ऊतक है। दूसरा संवहन ऊतक फ्लोएम है।

**9.** बिस्मिथ एक प्रतिचुम्बकीय पदार्थ है। ऐसे पदार्थ जो बाह्य चुम्बकीय क्षेत्र में रखे जाने पर क्षेत्र के विपरीत दिशा में क्षीण चुम्बकत्व प्राप्त कर लेते हैं–प्रतिचुम्बकीय पदार्थ कहलाते हैं;जैसे–बिस्मिथ, लेड, एण्टीमनी, चाँदी, सोना, जिंक, एल्कोहॉल, हवा, हाइड्रोजन आदि।

**10.** ऐसे तत्त्व जिनकी द्रव्यमान संख्याएँ समान हों, किन्तु परमाणु संख्याएँ भिन्न-भिन्न होती हैं, समभारिक कहलाते हैं। परमाणु संख्याओं में भिन्नता प्रोटॉनों की संख्याओं की भिन्नता के कारण होता है।

**11.** केप्लर के ग्रहों की गति के प्रथम नियम से प्रत्येक ग्रह सूर्य के चारों ओर दीर्घ वृत्ताकार पथ पर गति करता है तथा सूर्य उस दीर्घवृत्त के किसी एक 'फोकस' (नाभि) पर होता है।

**12.** सर्पी घर्षण का मान स्थैतिक घर्षण से कम होता है। लोटनिक घर्षण बल का मान सबसे कम होता है।

**13.** इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ई.सी.जी.) का आविष्कार विल्लेम एंथोवेन (विलियम इथोवेन) ने वर्ष 1903 में किया था। इसके लिए उन्हें वर्ष 1924 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। ECG का प्रयोग हृदय की धड़कन या गति मापने के लिए किया जाता है।

**14.** मनुष्य का मस्तिष्क तीन भागों में विभाजित है– अग्र मस्तिष्क, मध्य मस्तिष्क और पश्च मस्तिष्क (अनुमस्तिष्क)। यह सम्पूर्ण भार का लगभग 2% होता है। सबसे बड़ा भाग अनुमस्तिष्क है।

**15.** अधिवृक्क ग्रन्थि से स्रावित एड्रीनेलीन रस एक हॉर्मोन है, जो कार्यकारी अंगों को प्रभावित करता है तथा हमें संकटकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए भी तैयार करता है।

**16.** पीतल मिश्रधातु के मुख्य घटक ताँबा एवं जस्ता हैं। ताँबे में जस्ता डालने से पीतल की सामर्थ्य एवं कठोरता बढ़ती है। पीतल दो प्रकार का होता है एल्फा-विलयन और बीटा-विलयन।

**17.** एककोशिकीय जीव कोशिका विभाजन से प्रजनन करता है। कोशिका विभाजन की क्रिया को साइटोकाइनेसिस कहते हैं। इस विभाजन के द्वारा पैतृक कोशिका से नई संतति कोशिका का निर्माण होता है।

**18.** एस्ट्रोजन एवं प्रोजेस्ट्रॉन हॉर्मोन्स स्त्रियों में पाए जाते हैं। प्रोजेस्ट्रॉन हॉर्मोन का स्रावण कॉर्पस लुटियम से होता है। यह हॉर्मोन गर्भधारण के लिए आवश्यक है। एस्ट्रोजन को नारी विकास हॉर्मोन कहते हैं। टेस्टोस्ट्रॉन पुरुष हॉर्मोन है।

**19.** एक सामान्य मनुष्य के लिए सुस्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी 25 सेमी होनी चाहिए।

**20.** ध्रुव रेखा पर वस्तु का भार सर्वाधिक होता है। 90° अक्षांश को ध्रुव कहते हैं। 90° उत्तरी को उत्तरी ध्रुव एवं 90° दक्षिणी को दक्षिणी ध्रुव कहा जाता है। यहाँ 6 महीने का दिन एवं 6 महीने की रात होती है।

**21.** दूध का pH लगभग 6.4 है। अतः इसकी pH प्रकृति हल्की अम्लीय है। जिन विलयनों का pH मान 7 से कम है, वे अम्लीय होते हैं।

**23.** विद्युत मोटर, विद्युत ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करने वाली युक्ति है। इसका निर्माण विद्युत क्षेत्र में धारावाही चालक पर लगने वाले बल के सिद्धान्त पर किया जाता है। यह युक्ति विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव पर कार्य करती है।

**24.** पोटैशियम नाइट्रेट ($KNO_3$) का उपयोग पटाखों के निर्माण, उर्वरक आदि के निर्माण में किया जाता है। इसको शोरा भी कहा जाता है।

**26.** अभीष्ट संख्या $= \frac{7 \times 210}{35} = 42$

**27.** माना पुत्र की वर्तमान आयु $= x$ वर्ष

तथा व्यक्ति की आयु $= 3x$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $2(x + 15) = (3x + 15)$

$\Rightarrow \quad 2x + 30 = 3x + 15$

$\therefore \quad x = 15$ वर्ष

**28.** $4 + 4.44 + 44.4 + 4.04 + 444 = 500.88$

**29.** $\frac{(0.25)^2 - (0.24)^2}{0.49}$

$= \frac{(0.25 + 0.24)(0.25 - 0.24)}{0.49}$

$= \frac{0.49 \times 0.01}{0.49} = 0.01$

Scanned by CamScanner

**30.** $\because$ 1 लीटर = 1000 मिली

$\therefore$ अभीष्ट भिन्न $= \frac{40}{1000} = 0.04$

**31.** माना रिक्त पात्र का वजन = $x$ किग्रा
पूर्ण भरे पात्र का वजन (तरल) = $y$ किग्रा

$x + y = 40$ ...(i)

$\therefore$ $x + y/2 = 30$ ...(ii)

$\therefore$ $\frac{y}{2} = 10$

$\therefore$ $y = 20$ किग्रा

$\therefore$ रिक्त पात्र का वजन = $(40 - 20) = 20$ किग्रा

**32.** विकल्प (c) में देखने पर,

| | |
|---|---|
| 2 | 1024 |
| 2 | 512 |
| 2 | 256 |
| 2 | 128 |
| 2 | 64 |
| 2 | 32 |
| 2 | 16 |
| 2 | 8 |
| 2 | 4 |
| 2 | 2 |
| | 1 |

$\therefore 1024 = 2^{10} \Rightarrow (32)^2 = 1024$

**33.** माना संख्याएँ $x$ तथा $y$ हैं।
प्रश्नानुसार,

$x - y = 3$ तथा $x^2 - y^2 = 39$

$x^2 - y^2 = (x + y)(x - y) \Rightarrow 39 = 3(x + y)$

$\Rightarrow (x + y) = 13 \Rightarrow 2x = 16$ $[\because y = (x - 3)]$

अतः $x = 8$ तथा $y = 5$

**34.** 900 ऐसी संख्या है जो 12, 15, 20 से विभाजित होती है और 30 का वर्ग भी है।

**35.** $\frac{3}{4}$ का प्रतिशत रूप $= \frac{3}{4} \times 100\% = 75\%$

**36.** अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = 35%
माना कुल विद्यार्थी = $x$

$\because x \times \frac{35}{100} = 420 \Rightarrow x = \frac{42000}{35} = 1200$

**37.** माना लड़कियों की संख्या = $x$
दिया है, लड़कों की संख्या = 60
अतः प्रश्नानुसार,

$3.60 \times 60 + 2.40x = 312$

$\Rightarrow 216 + 2.40x = 312$

$\Rightarrow 2.40x = 96$

$\therefore x = 40$

**38.** $\because 25 \times \frac{4}{5} = 20$ तथा $80 \times \frac{30}{100} = 24$

$\therefore$ अभीष्ट उत्तर $= 24 - 20 = 4$

**39.** डीलर का अभीष्ट लाभ प्रतिशत

$= \left(\frac{1000 - 900}{900}\right) \times 100\% = \frac{100}{9} = 11\frac{1}{9}\%$

**40.** नुकसान का अभीष्ट प्रतिशत

$= \frac{4}{36 + 4} \times 100 = \frac{400}{40} = 10\%$

**41.** अभीष्ट दिन $= \frac{500 \times 24}{500 + 300} = \frac{120}{8} = 15$

**42.** सिग्नल पोल को पार करने में लगा समय

$= \frac{210 \times 18}{63 \times 5} = 12$ सेकण्ड

**43.** माना धनराशि = ₹$x$
तथा ब्याज दर = $r$% प्रतिवर्ष

तब प्रश्नानुसार, $2x = \frac{x \times 10 \times r}{100}$

$\therefore r = \frac{200}{10} = 20\%$

**44.** माना आयताकार जमीन की चौड़ाई $x$ मी
तथा लम्बाई $\frac{9}{2}x$ मी है।

$x \times \frac{9}{2}x = 200 \Rightarrow x^2 = \frac{400}{9}$

$\therefore x = \frac{20}{3}$ मी

अतः अभीष्ट लम्बाई $= \frac{20}{3} \times \frac{9}{2} = 10 \times 3 = 30$ मी

**45.** प्रश्नानुसार, $a = 11, b = 9$

$\therefore \frac{a^2 + b^2 + ab}{a^3 - b^3} = \frac{a^2 + b^2 + ab}{(a - b)(a^2 + b^2 + ab)}$

$[\because a^3 - b^3 = (a - b)(a^2 + b^2 + ab)]$

$= \frac{1}{a - b} = \frac{1}{11 - 9} = \frac{1}{2}$

**46.** हम जानते हैं कि,

$TB \times TA = TP^2$

$\Rightarrow TB \times (TB + AB) = TP^2$

$\Rightarrow 8 \times (8 + AB) = 12^2$

$\Rightarrow 8 + AB = \frac{144}{8} = 18$

$\therefore AB = 18 - 8 = 10$ सेमी

**47.** $\tan\theta = \frac{4}{3}$

$\because \sec^2\theta = 1 + \tan^2\theta = 1 + \left(\frac{4}{3}\right)^2$

$= 1 + \frac{16}{9} = \frac{9 + 16}{9} = \frac{25}{9}$

$\therefore \sec\theta = \sqrt{\frac{25}{9}} = \frac{5}{3}$

$\therefore \cos\theta = \frac{1}{\sec\theta} = \frac{3}{5}$

पुनः $\sin^2\theta = 1 - \cos^2\theta = 1 - \left(\frac{3}{5}\right)^2$

$= 1 - \frac{9}{25} = \frac{25 - 9}{25} = \frac{16}{25}$

$\therefore \sin\theta = \sqrt{\frac{16}{25}} = \frac{4}{5}$

प्रश्नानुसार,

$\sqrt{\frac{1 - \sin\theta}{1 + \sin\theta}} = \sqrt{\frac{1 - \frac{4}{5}}{1 + \frac{4}{5}}} = \sqrt{\frac{\frac{5 - 4}{5}}{\frac{5 + 4}{5}}}$

$= \sqrt{\frac{\frac{1}{5}}{\frac{9}{5}}} = \sqrt{\frac{1}{5} \times \frac{5}{9}} = \sqrt{\frac{1}{9}} = \pm\frac{1}{3}$

**48.** दी गई संख्याएँ
= 27, 25, 23, $x + 2$, $x - 2$, 17, 15, 13
कुल संख्याएँ = 8
समान्तर माध्य

$= \frac{27 + 25 + 23 + x + 2 + x - 2 + 17 + 15 + 13}{8}$

$\Rightarrow 20 = \frac{120 + 2x}{8}$

$\Rightarrow 120 + 2x = 160$

$\Rightarrow 2x = 160 - 120 = 40$

$\Rightarrow x = \frac{40}{2}$

$\therefore x = 20$

**49.** यहाँ, $P =$ ₹800, $r = 10\%$, $t = 2$ वर्ष

$\therefore A = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^t$

$= 800\left(1 + \frac{10}{100}\right)^2$

$= 800 \times \left(\frac{11}{10}\right)^2$

$= 800 \times \frac{121}{100} =$ ₹968

$\therefore CI = A - P = 968 - 800 =$ ₹168

**50.** माना टैंक भरने वाले पाइपों की संख्या = $x$
तब, टैंक खाली करने वाले पाइपों की संख्या = $9 - x$

प्रश्नानुसार, $\frac{9}{24}x - \frac{9}{18}(9 - x) = -1$

$\Rightarrow \frac{9}{24}x - \frac{1}{2}(9 - x) = -1$

$\Rightarrow \frac{9x - 108 + 12x}{24} = -1$

$\Rightarrow 21x - 108 = -24$

$\Rightarrow 21x = 84 \Rightarrow x = 4$

अतः टैंक खाली करने वाले पाइपों की संख्या
$= 9 - 4 = 5$

**51.** संख्या शृंखला का पैटर्न है

$2 \div 2 = 1$

$1 \div 2 = 0.5$

$0.5 \div 2 = 0.25$

$0.25 \div 2 = \boxed{0.125}$

**52.** संख्या शृंखला का पैटर्न है

$1 + 3 = 4, 3 + 4 = 7, 4 + 7 = 11$

$11 + 7 = 18, 11 + 18 = \boxed{29}$

**53.** मॉलीवुड (मलयालम भाषा), बॉलीवुड (हिन्दी भाषा) तथा टॉलीवुड (दक्षिण भारतीय भाषा) से सम्बन्धित भारतीय फिल्म उद्योग हैं, जबकि हॉलीवुड (अंग्रेजी भाषा) विदेशी फिल्म उद्योग है।

**54.** टायफॉइड, बैक्टीरिया जनित रोग है, मलेरिया प्रोटोजोआ जनित रोग है, जो मच्छर के काटने से होता है तथा इन्फ्लुएंजा, वायरल जनित रोग है। मधुमेह हीनताजन्य रोग है जोकि इन्सुलिन की कमी से होता है। अतः अन्य सभी से भिन्न है।

**55.** कम ऊँचाई वाली स्थलाकृति को पहाड़ी तथा ऊँची स्थलाकृति को पर्वत कहते हैं। उसी प्रकार, सागर के विस्तृत रूप को महासागर कहते हैं।

Scanned by CamScanner

**56.** श्यामपट्ट पर चॉक से लिखा जाता है। उसी प्रकार, कैनवास पर पेन्ट ब्रुश से आकृतियाँ बनाई जाती हैं।

**57.** त्रिभुज पूर्णतया वृत्त के अन्दर है। अतः सभी अफ्रीकी एशियाई हैं; जबकि कुछ एशियाई अफ्रीकी हैं। (क्योंकि सभी में कुछ अवश्य होता है।)

**58.** जिस प्रकार,

उसी प्रकार,




**59.** प्रश्नानुसार, A ↔ Z, B ↔ Y, C ↔ X
[विपरीत अक्षरों के युग्म]
उसी प्रकार, D ↔ W, E ↔ V, F ↔ U
[विपरीत अक्षरों के युग्म]
∴ DEF ⇒ WVU

**60.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरांकों के अनुसार,
$X + Y + Z \Rightarrow 24 + 25 + 26 = 75$

**61.** दिए गए कथनों का अध्ययन करने से स्पष्ट है कि सभी लड़के ईमानदार हैं तथा सचिन ईमानदार नहीं है। अतः सचिन लड़का नहीं हो सकता है।

**62.** प्रश्नानुसार,




अतः उपर्युक्त आरेख का अध्ययन करने से स्पष्ट है कि कोई पुस्तक पेन्सिल नहीं है।

**63.** जिस प्रकार, चमड़ा जूते बनाने के लिए कच्ची सामग्री (Raw material) है। उसी प्रकार, लकड़ी, मेज बनाने की कच्ची सामग्री (Raw material) है।

**64.** जिस प्रकार, चिड़िया का निवास स्थल घोंसला है। उसी प्रकार, मनुष्य का निवास स्थल घर है।

**65.** जिस प्रकार, पैरों की सहायता से पैदल चला जाता है। उसी प्रकार, पक्षी पंखों की सहायता से उड़ते हैं।

**66.** सिनेमा एक दृश्य-श्रव्य माध्यम है; जबकि अन्य सभी पढ़ने योग्य मुद्रित सामग्रियाँ हैं।

**67.** टेलीविजन एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है; जबकि अन्य सभी फर्नीचर की श्रेणी में आते हैं।

**68.** गुलाबी के अतिरिक्त, अन्य सभी इन्द्रधनुष के रंग हैं।

**69.** प्रश्नानुसार,




अन्त में रेयांश का मुँह दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर होगा।

**70.** कथनानुसार स्पष्ट है कि जो पुस्तकें अच्छी होती हैं वे आसानी से बिक जाती हैं, क्योंकि बाजार में हमेशा अच्छी पुस्तकों की माँग बनी रहती है, किन्तु कुछ पुस्तकें ही ऐसी होती हैं जो अन्य की अपेक्षा अच्छी होती हैं। अतः केवल निष्कर्ष I अन्तर्निहित है।

**71.** शृंखला का क्रम निम्नवत् है




अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर अक्षर S आएगा।

**72.** शृंखला का क्रम निम्नवत् है




अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर अक्षर समूह chej आएगा।

**73.** कथनानुसार, वेन आरेख निम्नवत् है




निष्कर्ष I. ✗ II. ✓
अतः केवल निष्कर्ष II निकलता है।

**74.** $26 + 74 - 4 \times 5 \div 2 = ?$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$? = 26 \times 74 \div 4 - 5 + 2$
$= 26 \times 74 \times \frac{1}{4} - 5 + 2$
$= 481 - 5 + 2 = 483 - 5 = 478$

**75.** जिस प्रकार, पणजी, गोवा की राजधानी है; उसी प्रकार, पोर्ट ब्लेयर अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है।

**76.** पासे की स्थिति I और IV से, पासे की दोनों स्थितियों में 'O' तथा '÷' चिह्न उभयनिष्ठ हैं। इस कारण असमान चिह्न वाली सतहें एक-दूसरे के विपरीत होंगी।
अतः '+' चिह्न के ठीक सामने वाली सतह (विपरीत सतह) पर '×' चिह्न होगा।

**77.** दी गई सारणी से स्पष्ट है कि कक्षा XII में पढ़ रहे छात्रों की कुल संख्या 265 है।

**78.** वाणिज्य और कृषि में मिलाकर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संख्या = 40 + 70 = 110

**79.** ऐसे शिक्षित पुरुष जो नगर में नहीं रहते हैं उनकी संख्या 21 है।

**80.** अभीष्ट जोड़े,




अतः शब्द TROUBLE में ऐसा केवल एक जोड़ा (L-O) है।

**81.** प्रशान्त महासागर विश्व का सबसे बड़ा महासागर है। अटलाण्टिक या आन्ध्र महासागर, हिन्द महासागर तथा आर्कटिक महासागर क्रमशः विश्व के द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ बड़े महासागर हैं।

**82.** लॉर्ड विलियम बैण्टिक (1828-1835 ई.) ने राजा राममोहन राय के सहयोग में 1829 ई. में कानून बनाकर सती-प्रथा को समाप्त कर दिया।

**84.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या 1210854977 है; जिसमें 622370258 (51%) पुरुष तथा 587584719 (48.53%) महिलाएँ हैं।

**87.** एन्थ्रासाइट कोयला सबसे उत्तम कोटि का कोयला है, क्योंकि इसमें कार्बन की मात्रा 85% से भी अधिक होती है। बिटुमिनस कोयला में कार्बन की मात्रा 70% से 85% तक होती है तथा लिग्नाइट कोयला में कार्बन की मात्रा 65% से 70% तक होती है। पीट कोयला सबसे निम्न कोटि का कोयला है।

**89.** भरतनाट्यम भरत मुनि के नाट्यशास्त्र पर आधारित है तथा अत्यन्त परम्पराबद्ध तथा शैलीनिष्ठ नृत्य है। इस नृत्य का विकास तमिलनाडु के चेन्नई व तंजौर में विशेष रूप से हुआ। इसे वर्तमान रूप प्रदान करने का श्रेय तंजौर चतुष्टय अर्थात् पौन्नैया पिल्लै तथा उनके बन्धुओं को है।

**90.** पोराग (Porag) त्योहार असोम की मिसिंग जनजाति द्वारा फसल कटने के अवसर पर मनाया जाता है। मिसिंग जनजाति के सामूहिक भवन को मोरुंग कहा जाता है।

**92.** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (RBI) को भारत का केन्द्रीय बैंक कहते हैं। इसकी स्थापना 1935 ई. में की गई तथा इसका राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी, 1949 में किया गया।

**95.** ओबरा ऊष्मीय विद्युत केन्द्र के लिए प्रसिद्ध है। यह उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है।

**96.** ओजोन गैस का अधिकतम संकेन्द्रण समतापमण्डल में पाया जाता है। समतापमण्डल में पाई जाने वाली ओजोन गैस ($O_3$) सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों का अवशोषण कर लेती है।

**97.** लिंगराज मन्दिर ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है।

**98.** सिल्क कपड़े के बने ओलम्पिक ध्वज के बीच में पाँच रंगीन चक्र एक-दूसरे से मिले हुए प्रदर्शित होते हैं, जो विश्व के पाँच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। नीला चक्र–यूरोप, काला चक्र–अफ्रीका, पीला चक्र–एशिया, हरा चक्र–ऑस्ट्रेलिया तथा लाल चक्र-उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका से सम्बन्धित है।

**99.** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस वर्ष 2007 में मनाया गया था।

Scanned by CamScanner